# UP APO 2007

## Part-I/भाग-I

General Knowledge/सामान्य ज्ञान

**1. The electron was discovered by**

इलेक्ट्रान की खोज की थी

(a) Thomson/थॉमसन ने
(b) Millikan/मिलिकन ने
(c) Rutherford/रदरफोर्ड
(d) Faraday/फैराडे ने

Ans: (a) इलेक्ट्रान की खोज 1897 में सर जे.जे. थामसन ने की थी। इलेक्ट्रान मूलकण है और इस पर ऋणात्मक आवेश होता है। इलेक्ट्रॉन पर आवेश का परिमाण कूलाम अथवा 4.082x10-1desu होता है। इलेक्ट्रॉन का भार ग्राम में 19.1083x1028 ग्राम होता है।

**2. Diamond and Graphite are an allotrope of:**

हीरा एवं ग्रेफाइट अपरूप है?

(a) Carbon/कार्बन के
(b) Lead/लेड के
(c) Zinc/जिंक के
(d) Tin/टिन के

Ans : (a) हीरा कार्बन का क्रिस्टलीय अपरूप है। हीरा का प्राकृतिक स्रोत किम्बर लाइट पत्थर होता है। हीरा की संरचना नियमित चतुष्फलकीय होती है। ग्रेफाइट भी कार्बन का एक अत्यन्त ही उपयोगी क्रिस्टलीय अपरुप है। ग्रेफाइट की सरंचना षट्कोणीय जालक सतह के रूप में होती है।

**3. In human body Vitamin A is stored in**

मानव शरीर में विटामिन 'ए' संचित रहता है

(a) Liver/यकृत में
(b) Pancreas/अग्नाशय में
(c) Spleen/तिल्ली में
(d) Stomach/उदर में

Ans : (a) यकृत मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रन्थि है जो उदर गुहा में डायाफ्राम के पीछे स्थित होता है एवं आमाशय के कुछ भाग को ढ़के रहता हैं। इसका वजन 1.5-2 kg होती है। यकृत विटामिन-A का संश्लेषण तथा विटामिन A,C और D का संचय करती है।

**4. Which compound of silver is mainly used in photography?**

चांदी का कौन सा यौगिक मुख्यत: फोटोग्राफी में प्रयुक्त होता है?

(a) Silver nitrate/सिल्वर नाइट्रेट
(b) Silver chloride/सिल्वर क्लोराइड
(c) Silver bromide/सिल्वर ब्रोमाइड
(d) Silver iodide/सिल्वर आयोडाइड

Ans : (c)

सिल्वर ब्रोमाइट का उपयोग फोटो ग्राफी में होता है। सिल्वर आयोडाइट का उपयोग कृत्रिम वर्षा कराने में होता है। सिल्वर नाइट्रेट का उपयोग निशान लगाने वाली स्याही बनाने में किया जाता है। सिल्वर क्लोराइड का उपयोग फोटोक्रोमोटिक काँच बनाने में किया जाता है।

**5. Mirage is an example of:**

मृगमरीचिका उदाहरण है

(a) Refraction/अपवर्तन का
(b) Total internal reflection/पूर्ण आन्तरिक परावर्तन का
(c) Dispersion/fa&inut otal
(d) Diffraction/विवर्तन का

Ans: (b) गर्मियों के मौसम में रेगिस्तान में मृगमरीचिका का कारणी भी पूर्व आन्तरिक परावर्तन होता है। गर्मियों के दोपहार में रेगिस्तान में यात्रियों को कुछ दूरी पर पानी होने का भ्रम हो जाता है। इसे रेगिस्तानी मृगमरीचिका कहते है।

**6. Which one is related to the diagnosis of hearts?**

हृदय की जाँच के लिए क्या प्रयोग किया जाता है?

(a) BCG/बी सी जी
(b) ECG/ई सी जी
(c) EEG/ई ई जी
(d) EMU/ई एम यू

Ans: (b) हृदय की जाँच के लिए ई सी जी (Electo-Cardiogram) का प्रयोग किया जाता है।

www.linkinglaws.com

**7. The computer hardware which is made of Silica can store plenty of data. It is called**

कम्प्यूटर हार्डवेयर, जो सिलिका का बना होता है, आँकड़ों की बहुत अधिक मात्रा को भंडार में रख सकता है। यह कहलाता है

(a) Disk/डिस्क
(b) Chip/चिप
(c) Magnetic tape/चुम्बकीय टेप
(d) File/फाइल

Ans : (b) चिप सिलिकान की एक पतली-चिप्पी होती है जिस पर विशेष प्रक्रिया से इलेक्ट्रॉनिक सर्किट बनाया जाता है।

**8. The country's first Institute for Stem Cell Science and Regenerative Medicine is going to be set up in-**

देश का पहला स्टेम सेल साइंस एंड रिजनरेटिव मेडिसिन इंस्टीट्यूट स्थापित होने जा रहा है

(a) Hyderabad/हैदाराबाद में
(b) Chennai/चेन्नई में
(c) Bangalore/बंगलौर में
(d) Ahmedabad/अहमदाबाद में

Ans : (a)

**9. The Comptroller and Auditor General of India is appointed by-**

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति की जाती है

(a) President/राष्ट्रपति द्वारा
(b) Speaker of the Lok Sabha/लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा
(c) Chairman of the Planning Commission/योजना आयोग के अध्यक्ष द्वारा
(d) Finance Minister/वित्त मंत्री द्वारा

Ans : (a) हमारे संविधान के अधीन राष्ट्रपति को निम्नलिखित व्यक्ति को नियुक्त करने की शक्ति है— (1) भारत के प्रधानमंत्री (2) संघ के अन्य मंत्री (3) भारत के महान्यायवादी (4) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश (5) राज्य के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश (6) राज्य के राज्यपाल (8) वित्त आयोग (9) संघ लोक सेवा आयोग और राज्यों के समूहों के लिए संयुक्त आयोग (10) मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयोग के अन्य सदस्य (11) अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के लिए विशेष अधिकारी (12) अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासनपर प्रतिवेदन देने के लिए आयोग (13) पिछड़े वर्गों की दशाओं का अन्वेषण करने के लिए आयोग (14) राजभाषा आयोग (15) भाषायी अल्प संख्यक आयोग।

**10. On whose recommendation constituent assembly was formed?**

संविधान सभा का गठन किसकी संस्तुति पर किया गया?

(a) Government of India Act, 1935/गवर्नमेट ऑफ इन्डिया एक्ट 1935
(b) Cripps Mission/क्रिप्स मिशन
(c) Cabinet Mission Plan/कैबिनेट मिशन योजना
(d) Mountbatten Plan/मांउटबेटन योजना

Ans : (c) कैबिनेट मिशन 1946 के दूत मण्डल में ब्रिटिश मन्त्रिमण्डल के तीन सदस्य थे—लार्ड पैथिक लारेन्स, सर स्टेफर्ड क्रिप्स और मिस्टर ए.बी. एलेक्जेण्डर। कैबिनेट मिशन ने भारत के लिए निम्न योजना प्रस्तुत की (1) ब्रिटिश भारत और प्रान्तों को मिलाकर एक संघ होना चाहिए और कुछ राष्ट्रीय हितों को छोड़कर अन्य सभी विषय प्रान्तों के अधिकार क्षेत्र में होना चाहिए। भारत पर ब्रिटिश प्रभुसत्ता को समाप्त कर देना चाहिए। भारतीय रियासतों को यह छूट होनी चाहिए वह संघ में सम्मिलित हो या स्वतंत्र रहें। एक आन्तरिम सरकार की तत्काल स्थापना की जाय जिसे भारत के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों का समर्थन प्राप्त हो। (5) संविधान बनाने के लिए संविधान सभा का निर्वाचन शीघ्र होना चाहिए।

**11. The time gap between two succesive sessions of Parliament is not be exceed-**

संसद के दो अनुक्रमिक सत्रों में अन्तर नहीं हो सकता

(a) Four months/चार मास से अधिक
(b) Six months/छ: मास से अधिक
(c) One year/एक वर्ष से अधिक
(d) What is specified by the President/जो राष्ट्रपति द्वारा निश्चित किया गया हो

Ans : (b)
अनु. 85 के अनुसार संसद के दो अनुक्रमिक सत्रों में छ: मास से अधिक का अन्तर नहीं हो सकता।

www.linkinglaws.com

**12. Who is the ex-officio Chairman of the Planing Commission?**
योजना आयोग का कौन पदेन अध्यक्ष होता है
(a) President/राष्ट्रपति
(b) Prime Minister/प्रधानमंत्री
(c) Finance Minister/वित्त मंत्री
(d) Home Minister/गृहमंत्री
Ans : (b) भारत में योजना आयोग के सम्बन्ध में कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है। योजना आयोग की स्थापना केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के उस संकल्प प्रस्ताव पर की गयी थी जो मंत्रिमण्डल द्वारा 15 मार्च 1950 को पारित किया गया था। प्रधानमंत्री योजना आयोग के पदेन अध्यक्ष होते हैं।

**13. Who among the following can participate in the meeting of Parliament without being its member?**
संसद की कार्यवाही में, बिना संसद के सदस्य हुए, निम्नलिखित में से कौन भाग ले सकता है?
(a) Comptroller and Auditor General of India/भारत के नियंत्रक एवं महालेख परीक्षक
(b) Chief Election Commissioner/मुख्य निर्वाचन आयुक्त
(c) Attorney General of India/भारत का महा अधिवक्ता
(d) Chief Justice of India/भारत का मुख्य न्यायाधीश
Ans : (c) भारत में महान्यायावादी मंत्रिमंडल का सदस्य नहीं होता किन्तु उसे किसी भी सदन में या उनकी समिति की बैठक में बोलने का अधिकार है। परन्तु उसे मत देने का अधिकार नहीं है। (अनु 88)

**14. Mixed economy means a system :**
मिश्रित अर्थव्यवस्था का तात्पर्य एक ऐसी व्यवस्था से है?
(a) Where agriculture and industry are given equal importance/जहाँ कृषि और उद्योग दोनों को समान महत्त्व दिया गया हो।
(b) Where public sector exists along with the Private Sector in national economy/जहाँ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र के साथ निजी क्षेत्र भी विद्यमान है।
(c) Where globalization is tampered by a heavy does of swadeshi in national economy/ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में भूमण्डलीकरण की प्रक्रिया भारी मात्रा में स्वदेशी से प्रभावित हो।
(d) Where the Centre and States are equal partners in economic planning and Development/जहाँ आर्थिक नियोजन और विकास में केन्द्र और राज्यों की समान भागीदारी हो।
Ans : (b) मिश्रित अर्थव्यवस्था की अवधारणा में निजी क्षेत्र एवं सार्वजनिक क्षेत्र के सहआस्तित्व को स्वीकार किया जाता है।

**15. Who among the following benefits most from inflation?**
निम्नलिखित में से कौन मुद्रा स्फीति में सर्वाधिक लाभ पाता है?
(a) Creditors/महाजन
(b) Debtors/ऋणी
(c) Savings Bank Account Holders/बचत खाता एकाउन्ट रखने वाले
(d) Government Pensioners/राजकीय पेंशनर
Ans : (b) मुद्रा का मूल्य कम हो जाने से ऋण दाताओं को हानि होती है क्योंकि जिस समय उन्होंने ऋण दिया था तब मुद्रा की क्रय शक्ति अधिक थी। परन्तु ऋणों के भुगतान के समय मुद्रा का मूल्य कम हो जाने के कारण ऋणियों को लाभ होता है।

**16. The largest component of India's foreign exchange resources is -**
भारत में विदेशी मुद्रा भंडार मे सबसे बड़ा हिस्सा किसका है?
(a) Savings out of export earnings/निर्यात से प्राप्ति की बचतें
(b) Deposits of NRI/अनिवासी भारतीयों की जमा
(c) Grants given by IMF and World Bank/अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष व विश्व बैंक द्वारा दिया गया अनुदान
(d) Portfolio investment in stock market/स्टाक बाजार में पोर्टफोलियो निवेश
Ans : (d)

**17. The most dominant item of agro imports of India:**
भारत के कृषि आयातों मे सर्व प्रमुख मद है। (a) Pulses/दालें

(b) Oil seeds/तिलहन
(c) Cashew nut/काजू
(d) Edible oils/खाद्य तेल

Ans: (d)

**18. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the Lists-**

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| List-I सूची-I | List-II सूची-II |
|---|---|
| (खाद्यान्न) (Food grains) | (Leading Producer) (अग्रणी उत्पादक) |
| A. Barley/जौ | 1. China/चीन |
| B. Groundnuts/मूंगफली | 2. India/भारत |
| C. Rice/चावल | 3. Russia/रूस |
| D. Soya bean/सोयाबीन | 4.U.S.A./संयुक्त राज्य अमेरिका |

Codes/कूट :

A B C D
(a) 1 2 3 4
(b) 3 21 4
(c) 2 3 4 1
(d) 4 3 2 1

Ans : (b) सही सुमेलित क्रम इस प्रकार है

| सूची-I (खाद्यान्न) | सूची-II (अग्रणी उत्पादक) |
|---|---|
| A. जौ, | 3. रूस |
| B. मूंगफली | 2. भारत |
| C. चावल | 1. चीन |
| D. सोयाबीन | 4. संयुक्त राज्य अमेरिका |

**19. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the Lists-**

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:

| List-I सूची-I | List-II सूची-II |
|---|---|
| (Buddhist Centres of Pilgrimage) (बौद्ध तीर्थ स्थल) | (Events in the Life of Gautam Buddha) (बुद्ध के जीवन की घटनायें) |
| A. Gaya/गया | 1. Birth/जन्म |
| B. Kushinagar/कुशीनगर | 2. Enlightenment/ज्ञान प्राप्ति |
| C. Lumbini/लुम्बनी | 3.First Sermon/प्रथम उपदेश |
| D. Sarnath/सारनाथ | 4. Nirvana/निर्वाण |

कूट:

A B C D
(a) 1 2 3 4
(b) 2 4 1 3
(c) 3 1 4 2
(d) 2 3 1 4

Ans : (b) सही सुमेलित क्रम इस प्रकार है

| सूची-I (बौद्ध तीर्थ स्थल) | सूची-II (बुद्ध के जीवन की घटनायें) |
|---|---|
| A. गया | 2. ज्ञान प्राप्ति |
| B. कुशीनगर | 4. निर्वाण |
| C. लुम्बिनी | 1. जन्म |
| D. सारनाथ | 3. प्रथम उपदेश |

**20. Which of the following is a rockcut temple?**

निम्नलिखित में से कौन एक शैलोत्कीर्ण मन्दिर है?

(a) Brihadisvara Temple, Tanjavur/बृहदीश्वर मन्दिर, तंजौर
(b) Lingaraj Temple, Bhubaneswar/लिंगराज मन्दिर, भुवनेश्वर
(c) Kandaria Mahadev Temple, Khajuraho/ कन्दरिया महादेव मन्दिर, खजुराहो
(d) Kailasa Temple, Ellora/कैलाश मन्दिर, एलोरा

Ans : (d) एलोरा के मन्दिरों में कैलाश मन्दिर अपनी आश्चर्यजनक शिल्पी के लिए विश्व प्रसिद्ध है। इसका निर्माण राष्ट्रकूट शासक कृष्ण प्रथम ने अत्यधिक धन व्यय करके करवाया था। यह सम्पूर्ण मन्दिर एक पाषाण को काट कर बनाया गया है।

**21. Who among the following were the saints of Varkari sect?** निम्नलिखित में वारकरी सम्प्रदाय के सन्त कौन थे?

1. Jnanesvara/ज्ञानेश्वर
2. Namadev/नामदेव

www.linkinglaws.com
Link the Life with Law

3. Eknatha/एकनाथ
4. Tukaram/तुकाराम
Select the correct answer from the code given below:
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए
Codes/कूट:
(a) 1 and 2/1 एवं 2
(b) 2 and 3/2 एवं 3
(c) 2,3 and 4/2, 3 एवं 4
(d) 1,2,3 and 4/1, 2, 3 एवं 4
Ans: (d)

**22. Arrange the visits of the following foreign travellers in India in chronological order -**
निम्नलिखित विदेशी यात्रियों के भारत आगमन के कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए:
1. Ibn Babuta/इब्नबतूता
2. Marcopolo/मार्कोपोलो
3. Vasco-de-Gama/वास्को-डि-गामा
4. William Hawkins/विलियम हाकिन्स
Select the correct answer from the code given
below:
नीचे दिए गए कूट से अपने उत्तर का चयन कीजिए :
Codes/कूट
(a) 1, 2, 4,3
(b) 2, 1, 3,4
(c) 3, 4, 2,1
(d) 4, 3, 1, 2
Ans : (b) मार्कोपोलो वेनिस निवासी इटालिवी यात्री था जिसे मध्यकालीन यात्रियों का राजकुमार कहा गया है। यह 1292-93 ई. में भारत आया था। मोरक्को का निवासी इब्नबतूता 1333 ई. में भारत आया था। वास्कोडिगामा 1489 ई. में भारत आया था। विलियम हॉकिन्स 1608 ई. भारत आया था।

**23. Jantar Mantar, an astronomical observatory was constructed in Delhi by-**
दिल्ली में ज्योतिष सम्बन्धी एक वेधशाला जन्तर-मन्तर का किसने निर्माण करवाया था?
(a) Akbar/अकबर ने
(b) Shah Jahan/शाहजहाँ ने
(c) Surajmal of Bharatpur/भरतपुर के सूरजमलने
(d) Jaisingh II of Jaipur/जयपुर के जयसिंह द्वितीय ने
Ans:(d) जयसिंह द्वितीय एक महान समाज सुधारक कानूनविद एवं खगोलशास्त्री था। जयपुर शहर की स्थापना 1722 में इसी ने की थी। जयसिंह द्वितीय ने खगोलीय गणनाओं एवं खोजों के लिए मथुरा, आगरा, दिल्ली, जयपुर, उज्जैन, वाराणसी में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित वेधशालाओं का निर्माण कराया।

**24. The biggest port under the Mughals was-**
मुगलों के शासन काल में सबसे बड़ा पतन था
(a) Masulipattam/मसुलीपट्टम
(b) Surat/सूरत
(c) Dhaka/ढाका
(d) Hooghly/हुगली
Ans : (b)
Sarada Act was passed for शारदा अधिनियम पारित हुआ था (a) Intercaste marriage/अन्तर्जातीय विवाह के लिए (b) Widow marriage/विधवा विवाह के लिए (c) Prevention of child marriage/बाल विवाह पर रोक के लिए (d) Prevention of female infanticide/कन्या शिशु हत्या पर रोक के लिए
Ans : (c) 1930 में शारदा अधिनियम द्वारा विवाह के लिए कन्या की न्यूनतम 14 और युवकों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निश्चित की गई।

**26. The Queen's Proclamation for better Government of India was announce in 1858 by Lord Canning at a darbar held at-**
भारत की बेहतर सरकार के लिए रानी की घोषणा को 1858 में लार्ड कैनिंग ने जिस दरबार में सुनाया था, वह हुआ था
(a) Allahabad/इलाहाबाद में
(b) Calcutta/कलकत्ता में
(c) Delhi/दिल्ली में
(d) Lucknow/लखनऊ में
Ans : (a) 1 नवम्बर 1858 को इलाहाबाद के मिन्टो पार्क में अंग्रेजी दरबार लगाया गया और लार्ड कैनिंग ने यहीं पर महारानी विक्टोरिया का घोषणा पत्र पढ़ा था। जिसे भारतीय जनता का मैग्नाकार्टा कहा गया।

**27. Madam Blavasky was associated with-**
मैडम ब्लावट्स्की का सम्बन्ध किससे था?
(a) Prarthana Samaj/प्रार्थना समाज
(b) Arya Samaj/आर्य समाज
(c) Theosophical Society/थियोसाफिकल सोसाइटी
(d) Servants of India Society/सर्वेन्ट्स आफ इन्डिया सोसाइटी

Ans : (c) थियोसोफिल सोसाइटी उन पश्चिमी देशों द्वारा आरम्भ की गई थी जो भातरीय संस्कृति और विचारों से प्रभावित थे। 1875 में मैडम एच.पी. ब्लावट्स्की ने इस सोसाइटी की नींव अमेरिका में रखी।

**28. Which of the following leaders took active part in British Parliamentary debates against, economic drain of India's wealth?**
भारतीय 'धन निकासी' के विरुद्ध निम्नलिखित में से किस नेता ने ब्रिटिश पार्लियामेंट के विवाद में सक्रिय हिस्सा लिया था?
(a) Pherozeshah Mehta/फिरोज शाह मेहता
(b) R.C. Dutta/आर.सी.दत्त
(c) Dadabhai Naoroji/दादा भाई नौरोजी
(d) Shyamji Krishna Verma/श्याम जी कृष्ण वर्मा

Ans : (c)

**29. Consider the following events connected with the Indian National Movement-**
भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन से जुड़ी निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए:
(a) Start of Home Rule Movement/होमरूल आन्दोलन का प्रारम्भ
(b) Champaran Satyagrah/चम्पारन सत्याग्रह
(c) Jallianwala Bagh Massacre/जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड
(d) Amritsar Session of India National/भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अमृतसर अधिवेशन
Select their correct chronological order using the order given below:
नीचे दिए गए कूट की सहातय से उनका सही कालानुक्रम चुनिए:
Codes/कूट:
(a) 1, 2, 3, 4
(b) 2, 3, 4, 1
(c) 4, 3, 2, 1
(d) 3, 2, 1, 4

Ans : (a) सही कालानुक्रम इस प्रकार है (1) होमरूल लीग आन्दोलन का प्रारम्भ-अप्रैल 1916 चम्पारण सत्याग्रह-1917 (3) जलियावाला बाग हत्याकाण्ड-13 अप्रैल 1919 कांग्रेस का अमृतसर अधिवेशन-दिसम्बर 1919

**30. Who edited the Maratha and Kesari Newspaper?**
मराठा और केसरी समाचार पत्रों का सम्पादन किसने किया था?
(a) Gopal Krishna Gokhale/गोपाल कृष्ण गोखले
(b) Atmaram Pandurang/आत्माराम पाण्डुरंग
(c) Lok Manya Tilak/लोकमान्य तिलक
(d) Mahadev Govind Ranade/महादेव गोविन्द रानाडे

Ans: (c)

**31. Given below is a list of places. Name the places where parallel governments were established during Quit India Movement.**
नीचे स्थानों की सूची दी गई है। उन स्थानों के नामोल्लेख कीजिए जहाँ भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान समानान्तर सरकारों की स्थापना हुई थी।
Select the correct answer using the code given below the list सूची के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए:
1. Ballia/बलिया
2. Meerut/मेरठ
3. Satara/सतारा
4. Telangana/तेलंगाना
Codes/कूट:
(a) 1, 2, 3
(b) 1, 3,4
(c) 2,3,4
(d) 1,3

www.linkinglaws.com

Ans : (d) 1942 ई. में भारत छोड़ो आन्दोलन के समय, बलिया तामुलनुक तथा सतारा में समानान्त सरकारों की स्थाना हुई थी।

**32. 'Vande Matram' became the theme song of India's struggle for independence during-**

'वन्दे मातरम' कब भारत के स्वतंत्रता संग्राम का शीर्ष गीत बना?

(a) Swadesh Movement/स्वदेशी आन्दोलन के दौरान
(b) Champaran Movement/चम्पारन आन्दोलन के दौरान
(c) Non-Cooperation Movement/असहयोग आन्दोलन के दौरान
(d) Civil Disobedience Movement/सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान

Ans: (a) स्वदेशी आन्दोलन 1905 के दौरान वन्देमातरम् एक महत्त्वपूर्ण शीर्ष गीत बना।

**33. Consider the following statements**

निम्न कथनों पर विचार कीजिए :

Assertion (A): India is a monsoon country.
कथन (A) : भारत एक मानसूनी देश है।
Reason (R): The high Himalyas import is climatic distinctiveness.
कथन (R) : उच्च हिमालय इसे जलवायु सम्बन्धी विशिष्टता प्रदान करता है।
Select the correct answer using the code given below नीचे दिए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए:

Codes/कूट:
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/A तथा R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है।
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A/A तथा R दोनों सही हैं, किन्तु R,A का सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false/A सही है, किन्तु R गलत है।
(d) (A) is false but (R) is true/A गलत है, किन्तु R सही है।

Ans : (a)

**34. The correct descending order of the following states in terms of density of population (2001) is-**

जनसंख्या घनत्व (2001) के आधार पर निम्नांकित राज्यों का सही अवरोही क्रम है।

(a) Kerala, Bihar, Uttar Pradesh, West Bengal/केरल, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल
(b) Bihar, Kerala, West Bengal, Uttar Pradesh/बिहार, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश
(c) West Bengal, Bihar, Kerala, Uttar Pradesh/ पश्चिम बंगाल, बिहार, केरल, उत्तर प्रदेश (d) Uttar Pradesh, West Bengal, Kerala, Bihar/उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, बिहार

Ans: (c) वर्ष 2001 के आधार दिये गये राज्यों के जनसंख्या घनत्व का अवरोही क्रम इस प्रकार है- पश्चिम बंगल 903 प्रतिवर्ग किमी. बिहार 881 प्रतिवर्ग कि.मी., केरल 819 प्रति वर्ग किमी. उ.प्र. 690 प्रति वर्ग किमी.।

**35. The boundary between India and Pakistan was demarcated by-**

भारत तथा पाकिस्तान के बीच की सीमा निर्धारण की गई थी

(a) Durand Line/डूरैण्ड रेखा द्वारा
(b) McMohan Line/मैकमोहन रेखा द्वारा
(c) Maginot Line/मैगीनाट रेखा द्वारा
(d) Radcliffe Line/रेडक्लिफ रेखा द्वारा

Ans : (c) भारतीय थल सेना की सबसे बड़ी दक्षिणी कमान एवं वायु सेना का संयुक्त सैन्याभ्यास मार्च 2008 राजस्थान के थार (जैसलमेर) रेगिस्तान में सम्पन्न हुआ दक्षिणी शक्ति या ब्रेजन चेरियट के क्रट नाम वाला यह अभ्यास भारत का अब तक का सबसे बड़ा सैन्याभास है।

**45. The 34th G-8 summit was held in July 2008 in -**

जुलाई 2008 में जी-8 का 34वाँ शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ

(a) Okinawa/ओकिनावा में
(b) Paris/पेरिस में
(c) Tokyo/टोक्यो में
(d) Toyako/टोयाको में

Ans: (d) विश्व के औद्योगिक रूप से विकसित आठ प्रमुख राष्ट्रों के समूह G8 का 37वाँ शिखर सम्मेलन 7-9 जुलाई 2008 को जापान के होकाइडो द्वीप

समूह में स्थित टोयाको अनसेन क्षेत्र के रूसुत्सू रिजार्ट मे स्थित अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया में सम्पन्न हुआ।

**46. The recipient of Bharat Ratna-2008 is:**
भारत रत्न 2008 दिया गया है
(a) Bhimsen Joshi/भीमसेन जोशी को
(b) Bismillah Khan/बिस्मिला खान को
(c) Pt. Ravi Shankar/पंडित रविशंकर को
(d) Amartya Sen/अमर्त्य सेन को
Ans : (a) भारतीय संस्कृत के पुरोधा पंडित भीमसेन गुरूराज जोशी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से 10 फरवरी 2009 को सम्मानित किया गया। सात साल बाद (2001 के बाद) सरकार ने किसी सक्रिय कलाकार को इस सम्मान के लिए चुना।।

**47. Dada Saheb Falke Award 2007 was awarded to-**
दादा साहब फाल्के 2007 पुरस्कार दिया गया था
(a) B.R.Chopra/बी.आर. चोपड़ा
(b) Mrinal Sen/मृणाल सेन
(c) Shyam Benigal/श्याम बेनीगल
(d) Tapan Sinha/तपन सिन्हा
Ans : (d) भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए वरिष्ठ बंगाली फिल्म निदेशक तपन सिन्हा को वर्ष 2006 के दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा केन्द्र सरकार ने 21 जुलाई 2008 को की।

**48. In Beijing Olympics Abhinav Bindra won gold medal in:**
बीजिंग ओलम्पिक्स मे अभिनव बिन्द्रा ने स्वर्ण पदक जीता
(a) 10 meters rifle shooting/10 मीटर राइफल शूटिंग में
(b) 50 meters rifle shooting/50 मीटर राइफल शूटिंग में
(c) Skeet shooting/स्कीट शूटिंग में
(d) Trap shooting/ट्रेप शूटिंग में
Ans : (a) भारत के निशाने बाज 25 वर्षीय अभिनव बिन्द्रा ने बीजिंग ओलम्पिक खेलों की 10 मीटर राइफल स्पर्धा में 700.5 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीतकर 11 अगस्त 2008 को इतिहास रच दिया।

**49. In the 54th National Film Award ceremony held in June 2008 the Best Actor Award was given to-**
जून 2008 में संपन्न हुए 54वें राष्ट्रीय फिल्म समारोह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया?
(a) Amitabh Bachchan/ अमिताभ बच्चन को
(b) Saumitra Chatterjee/ सौमित्र चटर्जी को
(c) Saif Ali Khan/ अली खान को
(d) Hritik Roshan/ हतीक रोशन को
Ans. (b) 15 जून, 2008 में प्रदर्शित फिल्मों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में दिये जाने वाले राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा जूरी अध्यक्ष बुद्धदेव दास गुप्ता ने 10 जून 2008 को की। 54वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार सौमित्र चटर्जी (बंगाली) को दिया गया।

**50. The winner of Santosh Trophy, 2008 was:**
संतोष ट्रॉफी 2008 का विजेता था-
(a) Karnataka/ कर्नाटक
(b) Punjab/ पंजाब
(c) Services/ सेना
(d) West Bengal/पश्चिम बंगाल
Ans. (b) 15 जूनण् 2008 को श्रीनगर के बख्ती स्टेडियम में सम्पन्न 62वीं राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता में गत चैंपियन पंजाब ने सर्विसेज को 1-10 से हराकर संतोष ट्रॉफी पर अपना कब्जा बरकरार रखा।

**51. 'In every State mens rea is to be implied unless contrary is shown from the language of the Statute.' This view was expressed in :**
'प्रत्येक संविधि मे दुराशय अन्तर्निहित माना जाता है, जब तक इसके प्रतिकूल संविधि की भाषा से प्रकट न हो।' यह मत प्रकट किया गया था
(a) Sherras v. De Rutzen/शेराज बनाम डे रूटजेन में
(b) R. v. Dudley and Stephen/आर. बनाम डडले एण्ड स्टीफेन में
(c) Queen v. Tolson/क्वीन बनाम टाल्सन में
(d) R. V. Arnold/आर. बनाम अरनाल्ड में
Ans : (a) शेराज बनाम डी रूटजेन के वाद में लार्ड राइट ने यह मत प्रकट किया कि प्रत्येक अधिनियम में मन:स्थिति अन्तर्निहित हो जबकि इसके प्रतिकूल साबित न कर दिया। इसके विपरीत दूसरी विचार

धारा होब्स बनाम विन्चस्टर कार्पोरेशन के वाद में मिलती है| इसके अनुसार अधिनियम की हमें शब्दिक रूप मे व्याख्या करनी चाहिए जब तक कि कोई चीज यह स्पष्ट न करे की मन:स्थिति आवयश्क है।

**52. A national of Pakistan fires from the other side of the borders and a person within the Indian border is killed. The relatives, friends and -**

(a) Committed the offence of sedition/ने राजद्रोह का अपराध कारित किया है

(b) Did not commit any offence/कोई अपराध कारित नहीं किया है

(c) Is guilty of inciting communal riot/साम्प्रदायिक दंगा भड़काने का दोषी है

(d) Is guilty of an attempt to commit sedition/राजद्रोह कारित करने के प्रयत्न का दोषी है

Ans : (d)

**53. Who among the following is not a public servant?**

निम्न में कौन लोक सेवक नहीं है?

(a) Chief Minister of a State/राज्य का मुख्यमंत्री (b) Chairman of the Central Board of Film Censors/सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सेन्सर का सभापति (c) Surveyor of an Insurance Company/बीमा कम्पनी का बीमा सर्वेक्षक

(d) Employee of a 'Nationalized Bank'/राष्ट्रीयकृत बैंक का कर्मचारी

Ans : (c)

**54. Match List-I (Case) with List-II (Subject) and select the correct answer from the codes given below the Lists-**

सूची-I (वाद)को सूची-II (विषय) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| List-I<br>सूची-I | List-II<br>सूची-II |
|---|---|
| A. Kehar Singh v. Delhi Administration/ केहर सिंह बनाम दिल्ली प्रशासन | 1. Right of private defence/प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार |
| B. Nawab Ali v. State of Uttar Pradesh/ नवाब अली बनाम उ.प्र. राज्य | 2. Criminal Conspiracy/ आपराधिक षड़यन्त्र |
| C. Vishwanath v. State of Uttar Pradesh/विश्वनाथ बनाम उ.प्र. राज्य | 3. Common intention/ सामान्य आशय |
| D. Mehboob Shah v. Emperor/महबूब शाह बनाम सम्राट | 4.Common Object/ सामान्य उद्देश्य |
| | 5. Mistake of fact/ तथ्य की भूल |

Codes/कूट:

A B C D

(a) 2 4 1 3

(b) 3 1 5 2

(c) 3 4 1 2

(d) 2 1 5 3

Ans : (a) सुमेल निम्न प्रकार से होगा

सची-I सूची-II

A. केहर सिंह बनाम दिल्ली प्रशास 2.आपराधिक षड़यन्त्र

B. नवाब अली बनाम उ.प्र. राज्य 4. सामान्य उद्देश्य

C. विश्वनाथ बनाम उ.प्र. राज्य 1.प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार

D. महबूब शाह बनाम सम्राट 3. सामान्य आशय

**55. 'A' shakes his fist at Z intending or knowing it to be likely that he may thereby cause Z to believe that 'A' is about to strike 'Z'**

'य' पर अपना मुक्का 'क' इस आशय से या यह सम्भाव्य जानते हुए हिलाता है कि उसके द्वारा 'य' को यह विश्वास हो जाए कि 'क', 'य' 'क' मारने ही वाला है। 'A' has committed : 'क' ने कारित किया है।

(a) Use of force/बल का प्रयोग

(b) Use of criminal force/आपराधिक बल का प्रयोग

(c) Assault/हमला

(d) Use of force and assault both/बल तथा हमला दोनों के प्रयोग का

Ans : (c) प्रश्नगत समस्या 'हमला' को परिभाषित करने वाली धारा 351 के दृष्टांत (ख) पर आधारित है। धारा 351 के अनुसार जो कोई अंग विक्षेप या कोई तैयारी इस आशय से करता है या यह संभाव्य जानते हुए करता है कि ऐसे अंग विक्षेप या तैयारी करने से किसी उपस्थित व्यक्ति को यह आशंका हो जायेगी कि जो वैसा अंग विक्षेप या तैयारी करता है, व उस व्यक्ति पर आपराधिक बल का प्रयोग करने ही वाला है। वह हमला करता है यह कहा जाता है।

**56. 'A' sent through the post office, a package containing seditious publications, with a covering letter requesting the addressee to circulate it to others. It was intercepted and never reached the addressee. 'A'**

'अ' ने डाक द्वारा पैकेट में राजद्रोही प्रकाशन सामग्री एक पत्र के साथ भेजी जिसमें प्रेषित से उस सामग्री को और लोगों में वितरित करने का अनुरोध किया गया था। उस पैकेट को रास्ते में ही पकड़ लिया गया और वह प्रेषिती तक कभी नहीं पहुँचा।'अ'

(a) Committed the offence of sedition/ने राजद्रोह का अपराध कारित किया है

(b) Did not commit any offence/कोई अपराध कारित नहीं किया है

(c) Is guilty of inciting communal riot/साम्प्रदायिक दंगा भड़काने का दोषी है

(d) Is guilty of an attempt to commit sedition/राजद्रोह कारित करने के प्रयत्न का दोषी है Ans : (d)

**57. Which one of the following is an inchoate crime?**

निम्नलिखित में से कौन सा अपूर्ण अपराध है?

(a) Riot/बलवा

(b) Criminal attempt/आपराधिक प्रयत्न

(c) Unlawful assembly/विधिविरूद्ध जमाव

(d) Public nuisance/लोक न्यूसेन्स

Ans : (b) अपराध के चार आवश्यक तत्व होते है परन्तु कुछ मामलों में आपराधिक कृत्य यद्यपि पूर्ण न हुआ हो फिर भी अपराध गठित हो जाता है। ये प्रारम्भिक अपराध के मामले हैं। प्रयत्न, दुष्ेरण तथा षड़यंत्र इसी श्रेणी में आते हैं।

**58. Assault in order to outrage the modesty of a woman is punishable under:**

महिला की लज्जा भंग करने सम्बन्धी हमला दण्डनीय है

(a) Section 350 IPC/भा.द.सं. की धारा 350 के अधीन

(b) Section 351 IPC/भा.द.सं. की धारा 351 के अधीन

(c) Section 353 IPC/भा.द.सं. की धारा 353 के अधीन (d) Section 354 IPC/भा.द.सं. की धारा 354 के अधीन

Ans : (d) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 354 में स्त्री की लज्जा भंग करने के आशय से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग के बारे में उपबंध किया गया है। धारा 354 के अनसार जो कोई किसी स्त्री की लज्जा भंग करने के आशय से या यह संभाव्य जानते हुए कि तद् द्वारा वह उसकी लज्जा भंग करेगा, उस स्त्री पर हमला करेगा या आपराधिक बल का प्रयोग करेगा, वह दोनों में से किसी भाँति के कारावास से जिसकी अवधि दो वर्ष तक हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दण्डित किया जायेगा।

**59. Which of the following would not be relevant in evidence under Section 8 of Indian Evidence Act?**

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 8 के अधीन निम्नलिखित में से कौन साक्ष्य में सुसंगत नहीं होगा?

(a) Evidence of the existence of a motive for the crime charged/आरोपित अपराध के लिए हेतु का साक्ष्य

(b) Evidence of a statement which accompanied some conduct/एक ऐसे कथन का साक्ष्य जो आचरण का अनुषंगी हो

(c) Evidence of a statement which influences and affects the conduct of a person, whose conduct is otherwise relevant/एक ऐसे कथन का साक्ष्य जो ऐसे व्यक्ति का आचरण प्रभावित वाला हो| जिसका आचरण अन्यथा सुसंगत है।

(d) Evidence of a statement of the act of robbery without making any complaint/कोई परिवाद किए बिना लूट के कथन का साक्ष्य

Ans : (d) धारा 8 के दृष्टान्त (k) के अनुसार कोई परिवाद किए बिना लूट के कथन का साक्ष्य, सुसंगत नहीं होगा।

www.linkinglaws.com

**60. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the Lists-**

निम्न कथनों पर विचार कीजिए : सूची-I से सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर दीजिए :

| List-I/सूची-I | List-II/सूची-II |
|---|---|
| A. Act of Judge when acting judicially न्यायिक कार्य करते हुए न्यायाधीश का कार्य | 1. Section 82 of IPC/ भारतीय दंड संहिता की धारा 80 |
| B. Accident in doing a lawful act/ विधिक कार्य करतु हुए दुर्घटना | 2. Section of IPC/ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 84 |
| C. Act of a child under seven years of age/ सात वर्ष से कम आयु के शिशु का कार्य | Section 77 of IPC/ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 77 |
| D. Act of a person of unsound mind/ विक्षिप्त मस्तिष्क वाले व्यक्ति का कार्यु | 4. Section 80 of IPC/ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 80 |

Codes/कूट:

A B C D

(a) 4 1 2 3

(b) 3 4 1 2

(c) 1 2 3 4

(d) 2 1 4 1

Ans : (b) सुमेल निम्न प्रकार से होगा

सूची-1 सूची-II

A. न्यायिक कार्य करते हुए 3. भारतीय दण्ड संहिता न्यायाधीश का कार्य की धारा 77

B. विधिक कार्य करते हुए 4. भारतीय दण्ड संहिता की दुर्घटना धारा 80

C. सात वर्ष से कम आयु के 1. भारतीय दण्ड शिशु का कार्य संहिता की धारा 82

D. विक्षिप्त मस्तिष्क वाले व्यक्ति 2. भारतीय दण्ड का कार्य संहिता की धारा 84

**61. 'X' and 'Y' agreed to commit murder of 'Z' bypoisoning and 'Y' was to procure poison, but he did not procure it. 'X' and 'Y' are guilty of-**

'क' और 'य' विष द्वारा 'ज' की हत्या करने के लिए सहमत होते हैं और 'य' द्वारा विष लाया जाना था जिसे 'य' नही लाया। 'क' और 'य' दोषी हैं दुर्घटना

(a) Abetment of murder by conspiracy/दुष्प्रेरण द्वारा हत्या के षड्यन्त्र के लिए

(b) Attempt to murder with the aid of Section 34 of Indian Penal Code/भारतीय दण्ड संहिता की धारा 34 की सहायता से हत्या के प्रयत्न के लिए

(c) No offence/किसी अपराध के लिए नहीं

(d) Criminal conspiracy to murder z/'ज' की हत्या के आपराधिक षड्यन्त्र के लिए

Ans : (d) यहाँ पर क तथा ज की हत्या के आपराधिक षड्यंत्र के लिए दोषी होंगे।

**62. Which of the following statement is correct?**

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(a) The right of private defence under Indian Penal Code is available even against an act which is not offence under the code/भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार एक ऐसे कृत्य के विरुद्ध भी उपलब्ध होता है जो इस संहिता को अन्तर्गत अपराध नहीं है।

(b) The right of private defence can be exercised to repeal unlawful aggression and also to retaliate/प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार को विधिविरुद्ध आक्रमण के निरसन हेतु तथा प्रतिकार के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है

(c) The right of private defence is available to defend ony one's own person and property/प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार किसी व्यक्ति को केवल अपने शरीर तथा सम्पत्ति की प्रतिरक्षा के लिए ही उपलब्ध होता है।

(d) The right of private defence extends to the causing of death when the assault is made with the intention of wrongfully confining a person/जब हमला एक व्यक्ति के सदोष परिरोध के आशय से किया गया हो तो प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्यु कारित करने तक के लिए होता है।

Ans : (d) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 100 की छठवीं शर्त के अनसार इस आशय से किया गया हमला कि

किसी व्यक्ति की ऐसी परिस्थितियों में सदोष परिरोध किया जाये जिससे उसे युक्ति युक्त रूप से यह आशंका कारित हो कि वह अपने को छुड़ाने के लिए लोक प्राधिकारियों की सहायता नहीं प्राप्त कर सकेगा, की दशा में हमलावर की स्वेच्छया मृत्युकारित की जा सकती है। अतः कथन (d) सही है। शेष कथन असत्य है।

**63. Which one of the following is not punishable under the Indian Penal Code?**

निम्नलिखित में से कौन भारतीय दण्ड संहिता के अधीन दण्डनीय नहीं है?

(a) Preparation to commit murder/हत्या करने की तैयारी

(b) Preparation to commit dacoity/डकैती करने की तैयारी

(c) Preparation to wage was against the state/राज्य के विरुद्ध युद्ध करने की तैयारी

(d) Preparation to commit depredation on the territory of a freindly power/किसी मित्र शक्ति राज्य क्षेत्र में लूटपाट करने की तैयारी

Ans : (a) सामान्यतः तैयारी दण्डनीय नहीं है। केवल निम्न अपवादिक दशाओं में अपराध करने की तैयारी को दण्डनीय बनाया गया है 1. भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करने के आशय से आयुध आदि । के समूह करना धारा 122 2. भारत सरकार के साथ शांति संबंध रखने वाली राज्य क्षेत्र में लूटपाट करना अथवा लूटपाट करने की तैयारी करना (धारा 126)

3. सिक्के के कूटकरण के लिए उपकरण बनाना या बेचना (धारा 233)

4. भारतीय सिक्के के कूटकरण के लिए उपकरण या सामग्री - उपयोग में लाने के प्रयोजन से उसे कब्जे में रखना, (धारा 126)

5. सिक्के के कूटकरण के लिए उपकरण या सामग्री उपयोग में । लाने के प्रयोजन से उसे कब्जे में रखना (धारा 325)

6. डकैती करने के लिए तैयारी करना (धारा 399)

**64. A minor girl of 15 years of age left her father's house with Rupees 10,000 and accompanied 'Z to various places. All the travelling as well as Hotel charges were paid out of the said amount journey 'Z' had no money. During the course of their journey 'Z' had sexual intercourse with her thrice with her consent. Here 'Z' is liable under Section**

एक 15 वर्ष की अवयस्क लड़की अपने पिता का घर छोड़कर एवं दस हजार रुपये साथ में लेकर 'ज' के साथ चली गई जो उसे विभिन्न स्थानों पर ले गया। सारा यात्रा-व्यय तथा विभिन्न स्थानों पर होटल आदि में ठहरने का खर्च उसी पैसे से किया गया क्योंकि 'ज' के पास पैसे नहीं थे। इस दौरान 'ज' ने उसके साथ तीन बार उसकी सहमति से मैथुन किया। यहाँ 'ज' दायित्वाधीन है

(a) 363 of Indian Penal Code/भारतीय दण्ड संहिता की धारा 363 के अन्तर्गत

(b) 366 of Indian Penal Code/भारतीय दण्ड संहिता की धारा 366 के अन्तर्गत

(c) 366-A of Indian Penal Code/भारतीय दण्ड संहिता की धारा 366-अ के अन्तर्गत

(d) 376 of Indian Penal Code/भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 के अन्तर्गत

Ans : (d) धारा 375 के खण्ड (6) के अनुसार 16 वर्ष हो कम आयु वाली स्त्री के साथ उसकी इच्छा से या इच्छा के बिना उसके साथ किया गया संभोग बलात्संग होगा। अतः धारा 376 के अधीन ज बलात्संग का दोषी होगा।

**65. Assertion (A) : Homicide is the killing of a human being by a human being**

कथन (A) : एक मनुष्य द्वारा दूसरे मनुष्य की मृत्युकारित करना मानव वध है।

**Reason (R): Homicide is always unlawful. Select the correct answer with the help of codes given below:**

कथन (R): मानव वध सदैव विधि विरुद्ध होता है। नीचे दिए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए:

Codes/कूट:

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/A तथा R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)/A तथा R दोनों सही हैं, किन्तु R,A का सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) is true but (R) is false/A सही है, किन्तु R गलत है।

(d) (A) is false but (R) is true/A गलत है, किन्तु R सही है।

Ans : (c) एक मनुष्य द्वारा दूसरे मुनष्य को जान से मार डालना मानववध कहलाता है। मानववध विधिपूर्ण हो सकता है यह विधि विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता का अध्याय 4 जो साधारण अपवादों के संबंधित हैं, में वर्णित अनेक मामले विधिपूर्ण मानववध के अन्तर्गत आते है। विधि विरुद्ध मानव वध के अन्तर्गत निम्न मामले आते

1. हत्या
2. आपराधिक मानववध जो हत्या की कोटि में नहीं आता। 3. उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित करना (धारा 304अ)
4. आत्महत्या (धारा 305 तथा धारा 306) अतः कथन (A) सही है कारण (R) असत्य है।

**66. Point out correct response :**
सही उत्तर बताइये: In theft there must be चोरी में यह आवश्यक है कि
(a) Dishonest intention to take any kind of property/किसी भी प्रकार की सम्पत्ति लेने के बेईमानीपूर्ण आशय हो
(b) Dishonest intention to take any valuable security/कोई मूल्यवान प्रतिभूति लेने को बेईमानीपूर्ण आशय हो
(c) Dishonest intention to take any movable property/कोई चल सम्पत्ति लेने का बेईमानीपूर्ण आशय हो
(d) Dishonest intention to take only immovable property/कोई अचल सम्पत्ति लेने का बेईमानीपूर्ण आशय हो

Ans : (c) चोरी को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 378 में परिभाषित किया या है। चोरी के आवश्यक तत्व निम्न है

1. सम्पत्ति को बेईमानी से लेने का आशय।
2. संपत्ति चल हो।
3. संपत्ति को दूसरे व्यक्ति के कब्जे से लिया जाये
4. संपत्ति को दूसरे व्यक्ति की सम्मत्ति के बिना लिया जाये।
5. सम्पत्ति के लेने के लिए उसके स्थान से कुछ दूर हटाया जाये।

**67. Which of the following is not an illustration of assault?**
निम्न में से कौन हमला' का दृष्टान्त नहीं है?
(a) 'A' takes up a stick saying to 'B', "I will beat you"/'अ', 'ब' से यह कहते हुए "मैं तुम्हें पीटूंगा" एक छड़ी उठा लेता है।
(b) 'A' threatens 'B' to see him later on/'अ', 'ब को बाद में देख लेने की धमकी देता है।
(c) 'A' medically examines a woman 'B' without her consent/'अ', एक महिला 'ब' का उसकी सहमति के बिना चिकित्सा परीक्षण करता है।
(d) 'A' throws brickbats into the house of 'B'/'37', 'ब' से यह कहते हुए "मैं तुम्हें पीटूंगा" एक छड़ी उठा लेता है।

Ans : (b) धारा 351 के स्पष्टीकरण के अनुसार केवल शब्द हमले की कोटि में नहीं आते किन्तु जो शब्द कोई व्यक्ति प्रयोग करता है। वे उसके अंग विक्षेप या तैयारियों को ऐसा अर्थ दे सकते हैं जिनसे ये अंग विक्षेप या तैयारियां हमले की कोटि में आ जाये।

**68. 'A' places men with firearms at the outlets of a building, and tells 'Z' that they will fire at 'Z' if 'Z' attempts to leave the building :**
